# कार्यालय प्राचार्य,स्व. लाल श्याम शाह शासकीय नवीन महाविद्यालय
## मोहला, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

ई.मेल principal_gncmohla@rediffmail.com
www.naveencollege.com

फोन नं. 07747–299104
(College Code – 1915)

क्रमांक / 83 / 2022

मोहला दिनांक, 18 / 05 / 2022

प्रति,

अनुविभागीय अधिकारी (वन परिक्षेत्र),
अं.–चौकी
जिला – राजनांदगांव (छ.ग.)

**विषय :–** **महाविद्यालय परिसर में पेंड़–पौधों की Green Audit के संबंध में।**

––00––

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि इस महाविद्यालय में नैक मूल्यांकन के लिए **Green Audit** नही हुआ है।

अतः आपसे से निवेदन है कि महाविद्यालय में आ कर **Green Audit** करने की कृपा करेंगें।

कार्यालय उपवनमंडल अधिकारी चौकी (छ.ग.)
क्र. 19.05
दि.–22

GK Joshi
प्रभारी प्राचार्य
स्व. लाल श्याम शाह शासकीय नवीन महाविद्यालय
मोहला, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

प्राचार्य
स्व. लाल श्याम शाह
शासकीय नवीन महाविद्यालय, मोहला
जिला मोहला –मानपुर –अं. चौकी (छ. ग.)

250 | verma covering

Scanned with Oken Scanner

कार्यालय प्राचार्य,स्व. लाल श्याम शाह शासकीय नवीन महाविद्यालय
मोहला, जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)
ई.मेल principal_gncmohla@rediffmail.com
www.naveencollege.com
फोन नं. 07747–299104
(College Code – 1915)

क्रमांक / 82 / 2022

मोहला दिनांक, 18 / 05 / 2022

प्रति,

कनिष्ठ अभियंता (विद्युत),
मोहला
जिला – राजनांदगांव (छ.ग.)

**विषय :–** **महाविद्यालय परिसर में Energy Audit के संबंध में।**

––00––

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि इस महाविद्यालय में नैक मूल्यांकन के लिए **Energy Audit** नही हुआ है।

अतः आपसे से निवेदन है कि महाविद्यालय में आ कर **Energy Audit** करने की कृपा करेंगें।

JUNIOR ENGINEER C.S.P.D.C.L. MOHLA D/C No. 83 Date 18/05/22

GKJoshi
प्रभारी प्राचार्य
स्व. लाल श्याम शाह शास. नवीन महाविद्यालय
मोहला जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी

250 | verma covering

Scanned with Oken Scanner

सत्यमेव जयते

MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS & SPORTS

Government of India

# स्वच्छ भारत
# समर इंटर्नशीप 2019

## CERTIFICATE

प्रमाणित किया जाता है कि शासकीय नवीन महाविद्यालय, मोहला के स्वयंसेवकों ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा संचालित स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत "स्वच्छ भारत समर इंटर्नशीप 2.0" में उल्लेखनीय योगदान दिया।

जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| जिला संगठक, रासेयो | कार्यक्रम समन्वयक, रासेयो | कुलसचिव | कुलपति |
| जिला - राजनॉदगॉव | हेमचंद यादव वि.वि. दुर्ग | हेमचंद यादव वि.वि. दुर्ग | हेमचंद यादव वि.वि. दुर्ग |

कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कुलसचिव हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग (छ.ग.)

Scanned with Oken Scanner

राजनांदगांव पत्रिका

### अंबागढ़ चौकी

# नगर में अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश



पहल... कॉलेज परिसर व चौक-चौराहों में चलाया सफाई अभियान।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

**मोहला.** स्थानीय शासकीय नवीन कॉलेज में 1 से 15 नवंबर तक राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों व कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. केआर मंडावी के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जीपी जायसवाल के दिशा-निर्देश में यह कार्यक्रम आयोजित था। इसका मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार की स्वच्छ भारत अभियान को गति और मजबूती प्रदान कर सर्वत्र स्वच्छता का वातावरण पैदा करना है। ताकि हर आदमी स्वच्छता के महत्व को समझकर स्वयं स्वस्थ रहकर दूसरों को भी स्वस्थ रहने की प्रेरणा दे सके।

डॉ. जायसवाल ने कहा कि स्वच्छ वातावरण का प्रभाव हमारे मानव जीवन एवं मन मस्तिष्क पर अच्छा पड़ता है। यदि हम अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखेगें तो हम लोग निरोग रहेंगे, प्रसन्न रहेंगे और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करते हुए देश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में साफ-सफाई कर पौध रोपण किया गया। इसके साथ ही अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय, जनपद कार्यालय मोहला परिसर, फौव्वारा चौक, बाजार चौक की सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। स्वयंसेवक स्वच्छता के प्रति सदैव जागरूक रहकर निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। अभियान में छात्रसंघ अध्यक्ष तसलिमा खान, उपाध्यक्ष प्रमोद, सचिव प्रवीण, सहसचिव ईमला सहित अन्य का योगदान रहा।

Scanned with Oken Scanner

दिनांक - 8-11-2016




Scanned with Oken Scanner

सबेरा संकेत

राजनांदगांव शनिवार 02 सितम्बर 2017



# स्वच्छता जागरूकता पर निबंध स्पर्धा

मोहला (सबेरा संकेत)। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता के संकल्प को सम्पूर्ण भारत में प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता के उद्देश्य से नवीन महाविद्यालय मोहला में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य आर.के. अलेन्द्र व सहा. प्राध्यापक डॉ. जी.के. जोशी, ओ.डी. सहारे, अति. सहा. प्राध्या. के मार्गदर्शन में निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की आमना खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

Scanned with Oken Scanner

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता अभियान
" 20,10,2019

शासकीय नवीन महाविद्यालय मोहला में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा अनुविभागीय कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें अनुविभागीय अधिकारी सी.पी बघेल, एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

विद्यार्थीगण

Zulawaty
Aswatin
Dhurmi
Seema
Basanti
Pasam
Lakshadvip
Nirmalati
Aksada
Bhuneshwari
Poonam
प्रमोद
Pradeep
Kumari
Poonam

अध्यापकगण
हस्ताक्षर

GK Joshi
प्राचार्य
प्राचार्य
लाल श्याम शाह
शासकीय नवीन महाविद्यालय
मोहला, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

रायपुर, सोमवार, 21 अक्टूबर 2019
haribhoomi.com

**खबर संक्षेप**

## विद्यार्थियों ने की सफाई

मोहला। स्थानीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय के प्राचार्य जीके जोशी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने अनुविभागीय कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया। विद्यार्थियों ने परिसर की सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी सीपी बघेल ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान में सबका सहयोग जरूरी है तभी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने प्लास्टिक के उपयोग से बचते हुए उसके दुष्प्रभाव को बताया। इस मौके पर रामरतन, प्रमोद, कुलवंत, पूजा, सोनिया, आमना, सूरज आदि मौजूद थे।




Scanned with Oken Scanner

सबेरा संकेत

राजनांदगांव बुधवार 05 अगस्त 2015

आंचलिक

# पर्यावरण की सुरक्षा करना हमारा दायित्व- जायसवाल

## मानपुर महाविद्यालय में पौधारोपण

मोहला ( नि.प्र. )। शासकीय नवीन महाविद्यालय परिसर में डॉ. बी.एन. मेश्राम, प्राचार्य के दिशा निर्देश एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जी.पी. जायसवाल के मार्गदर्शन में व डॉ. जी.के. जोशी, टी. एल. मिर्झा के सहयोग से रजत बंसल अनुविभागीय अधिकारी मोहला के मुख्य आतिथ्य में पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर श्री बंसल ने पर्यावरण के संरक्षण, संवर्धन एवं पौधारोपण के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। डॉ. जायसवाल ने छात्र-छात्राओं को आह्वान करते हुए कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा करना हम सबका दायित्व है जब पर्यावरण स्वच्छ रहेगा तो हम सब भी स्वस्थ्य रहते हुए देश की प्रगति में सहायक सिद्ध होंगे। डॉ. जोशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जहां हरियाली है वहां खुशहाली है। श्री मिर्झा ने कहा कि पौधारोपण करना प्रकृति की सच्ची सेवा करना है। इसी में समस्त जीवों का कल्याण निहित है। इस मौके पर श्री बंसल अनुविभागीय अधिकारी मोहला, एफ.आर. सलामे खण्ड शिक्षाधिकारी मोहला, एन.के. खाण्डे तहसीलदार मोहला, अविनाश ठाकुर नायब तहसीलदार मोहला, संजय उके इंजीनियर मोहला, बी.एल. चौरका राजस्व निरीक्षक मोहला, इमरान अहमद पटवारी मोहला ने भी उत्साह पूर्ण वातावरण में वृक्षारोपण किया। परिसर में फलदार, छायादार व फूलदार पौधे रोपे गए जिनमें आम, आंवला, अमरूद, अमलताश, नीम, नींबू, गुलमोहर, जामुन आदि शामिल हैं। इस अवसर पर ए.के. रामटेके, आई.के. देशमुख, जी.एल. गवर्ना, जे.एल. निषाद, तोरणलाल सहित महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

Scanned with Oken Scanner

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय मोहला,जिला– राजनांदगांव

प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 30 .07.2015

महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण

शासकीय नवीन महाविद्यालय परिसर में डॉ.बी.एन.मेश्राम, प्राचार्य के दिशानिर्देश एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जी.पी.जायसवाल के मार्गदर्शन में व डॉ.जी.के.जोशी, श्री टी. एल.मिर्झा के सहयोग से श्री रजत बसंल अनुविभागीय अधिकारी मोहला के मुख्य आतिथ्य में महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर श्री बंसल जी ने पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन एवं पौधारोपण के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाले । डॉ. जी.पी. जायसवाल ने छात्र–छात्राओं को आह्वान करते हुए कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा करना हम सबका दायित्व है जब पर्यावरण स्वच्छ रहेगा तो हम सब भी स्वस्थ्य रहते हुए देश की प्रगति में सहायक सिद्व होंगे। डॉ. जोशी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि जहां हरियाली है वहां खुशहाली है । पर्यावरण विनाश से मानव जीवन पर अत्यन्त दुष्प्रभाव पड़ता है। श्री टी. एल. मिर्झा ने कहा कि पौधारोपण करना प्रकृति की सच्ची सेवा करना है। इसी में समस्त जीवों का कल्याण निहित है। इस मौके पर श्री रजत बंसल अनुविभागीय अधिकारी मोहला, श्री एफ. आर. सलामें खण्ड शिक्षाअधिकारी मोहला, श्री एन. के. खाण्डे तहसीलदार मोहला, श्री अविनाश ठाकुर, नायब तहसीलदार मोहला, श्री संजय उके इंजीनियर मोहला, श्री बी. एल. चौरका, राजस्व निश्रीक्षक मोहला, इमरान अहमद पटवारी मोहला ने भी उत्साह पूर्ण वातावरण में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर परिसर में फलदार, छायादार, फूलदार पौधे रोपे गये जिनमें आम, आवला, अमरूद, अमलताश, नीम, नीबू, गुलमोहर, जामुन आदि शामिल है। इस अवसर पर श्री ए.के.रामटेके आई.के.देशमुख, जी.एल.गवर्ना, जे.एल. निषाद तोरणलाल सहित महाविद्यालयीन छात्र–छात्राएं बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

प्रति

संपादक,

प्राचार्य
प्राचार्य
शास. महाविद्यालय मोहला
जिला –राजनांदगाँव (छ.ग.)

Scanned with Oken Scanner

हरियाली लाने कवायद

# महाविद्यालय परिसर में रोपे गए पौधे

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**मोहला** . शासकीय नवीन महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ. केआर मंडावी के दिशा निर्देश एवं रासेयो कायक्रम अधिकारी डॉ. जीपी जायसवाल के कुशल मार्गदर्शन में व आरके अलेन्द्र सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र व डॉ. जीके जोशी, सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र के सहयोग से अजीत वसंत अनुविभागीय अधिकारी मोहला के मुख्य आतिथ्य में महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। वसंत ने पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन एवं पौधारोपण के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें पर्यावरण के प्रति सजग रहकर अधिक से अधिक पोधे लगाना चाहिए और उसकी सुरक्षा भी करनी चाहिए। डॉ. जीपी जायसवाल ने छात्र-छात्राओं को आह्वान करते हुए कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा करना हम सबका दायित्व है जब पर्यावरण स्वच्छ रहेगा तो हम भी स्वस्थ रहेंगे और स्वस्थ रहते हुए अपने दायित्वों और कर्तव्यों का निर्वाह भली भांति करते हुए देश और समाज के हित में अच्छे से अच्छे कार्य करेंगे।

पत्रिका राजनांदगांव शुक्रवार 23 सि

लगा


# सबेरा संकेत



# अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

## गायत्री परिवार व रासेयो का संयुक्त कार्यक्रम

मोहला (सबेरा संकेत)। माता भगवती देवी शर्मा जी के जन्म दिवस पर स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय नवीन महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मोहला में स्वच्छता अभियान चलाकर केन्द्र सरकार के स्वच्छ भारत अभियान को और गति और मजबूती देने के लिए स्वच्छता संबंधी विशेष कार्य किए गए।




कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय दुर्गा चौक में गायत्री परिवार के सदस्य व गणमान्य व्यक्तियों ने गायत्री मंत्र के पाठ और भारत माता की जयघोष के साथ किया। स्वच्छता कार्य की शुरूआत बाजार चौक से हुई, जहां झिल्लियां, सड़ी गली सब्जियां, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा के पाउच एकत्रित कर जलाए गए, साथ ही कूड़ा-कर्कट को एकत्रित कर नियत गड्ढे में डाला गया। दुर्गा चौक के सामने व आसपास की दुकानों के सामने की गंदगी को साफ किया। तत्पश्चात बस स्टैण्ड परिसर, यात्री प्रतीक्षालय, जयस्तंभ चौक, नगर की विभिन्न गलियों व चौराहों की साफ-सफाई की गई। इस अभियान में रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जी.पी. जायसवाल, महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष योगेन्द्र सिंगने, जग्गूराम सोरी सरपंच मोहला, गायत्री परिवार के सदस्यों सहित मोहला नगर के गणमान्य नागरिक योगेश खण्डेलवाल पत्रकार दिलीप सिंगने समाज सेवी सहित अनेक लोग सम्मिलित हुए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.आर. मंडावी व आम नागरिकों ने इस अभियान की भूरि-भूरि प्रशंसा की। सफाई अभियान के सभी सदस्यों ने प्रत्येक शनिवार को मोहला की विभिन्न गलियों और चौराहों की साफ-सफाई करने और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़कर स्वच्छता संबंधी जागरूकता लाने का संकल्प लिया।

Scanned with Oken Scanner

नवभारत 4
www.navabharat.org

# राजनांदगांव-जिला

रायपुर, शुक्रवार 9 सितम्बर 2016

## महाविद्यालय में पौधरोपण

कार्यालय। राजनांदगांव

शासकीय नवीन महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ. के.आर. मंडावी के दिशा निर्देश एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जी.पी. जायसवाल के मार्गदर्शन में व आर.के. अनेन्द्र सहायक प्राध्यापक समाज शास्त्र व डॉ. जी.के. जोशी सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र के सहयोग से, अजीत वसंत अनुविभागीय अधिकारी मोहला के मुख्य आतिथ्य में महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया.

इस अवसर पर श्री वसंत ने पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन एवं पौधारोपण के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डालाते हुए कहा कि हमें पर्यावरण के प्रति सजग रहकर अधिक से अधिक पौधे लागाना चाहिए और उसकी सुरक्षा भी करनी चाहिए. डॉ. जी.पी. जायसवाल ने छात्र-छात्राओं को आहवान करते हुए कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा करना हम सबका दायित्व है. पर्यावरणं स्वच्छ रहेगा तो हम भी स्वस्थ रहेंगे और स्वस्थ रहते हुए अपने दायित्वों और कर्तव्यों का निर्वाह भली-भांति करते हुए देश और समाज के हित में अच्छे से अच्छे कार्य करेंगे. डॉ. जोशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जहां हरियाली है वहां खुशहाली है. महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष योगेन्द्र सिंग ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया.

इस अवसर पर आर. एस. मिश्रा जनभागीदारी सदस्य, श्रीमती कांता साहू जनभागीदारी सदस्य, सरपंच जग्गू राम सोरी, एचआर मंडावी प्राचार्य मोहला, खोरबहरा राम यादव, श्रीमती गीता गुप्ता कार्यक्रम अधिकारी मोहला, भीष्म देव मंडावी, कु. तसलिमा खान, उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने भी वृक्षारोपण किया.

Scanned with Oken Scanner

12

# पौधे रोपकर दिया हरियाली का संदेश



मोहला @ पत्रिका. शासकीय नवीन महाविद्यालय परिसर में एसडीएम रजत बंसल के मुख्य आतिथ्य में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर बंसल ने पर्यावरण के संरक्षण व संवर्धन और पौधरोपण के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। डॉ. जीपी जायसवाल ने छात्र-छात्राओं से कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा करना हम सबका दायित्व है।

जब पर्यावरण स्वच्छ रहेगा, तो हम सब भी स्वस्थ्य रहते हुए देश की प्रगति में सहायक बनेंगे। डॉ. जोशी ने कहा कि पर्यावरण विनाश से मानव जीवन पर अत्यन्त दुष्प्रभाव पड़ता है। टीएल मिर्झा ने कहा कि पौधरोपण करना प्रकृति की सच्ची सेवा करना है। इस मौके पर बीईओ एफआर सलामे, तहसीलदार एनके खांडे, नायब तहसीलदार अविनाश ठाकुर, इंजीनियर संजय उके, राजस्व निरीक्षक बीएल चौरका, पटवारी इमरान अहमद ने भी उत्साह से पौधे रोपे। इस दौरान परिसर में फलदार, छायादार, फलदार पौधे आम, आंवला, अमरूद, अमलतास, नीम, नीबू, गुलमोहर, जामुन का रोपण किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम, एक रामटेके आईकि देशमुख, जीएल गवर्ना, जेएल निषाद तारणलाल सहित छात्र उपस्थित रहे।

patrika epaper editions Sat, 01 August 2015
epaper.patrika.com/c/6078531

सबेरा संकेत

राजनांदगांव बुधवार 05 अगस्त 2015 6

आंचलिक

# पर्यावरण की सुरक्षा करना हमारा दायित्व- जायसवाल

## मानपुर महाविद्यालय में पौधारोपण

मोहला ( नि.प्र. )। शासकीय नवीन महाविद्यालय परिसर में डॉ. बी.एन. मेश्राम, प्राचार्य के दिशा निर्देश एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जी.पी. जायसवाल के मार्गदर्शन में व डॉ. जी.के. जोशी, टी. एल. मिर्झा के सहयोग से रजत बंसल अनुविभागीय अधिकारी मोहला के मुख्य आतिथ्य में पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर श्री बंसल ने पर्यावरण के संरक्षण, संवर्धन एवं पौधारोपण के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। डॉ. जायसवाल ने छात्र-छात्राओं को आह्वान करते हुए कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा करना हम सबका दायित्व है जब पर्यावरण स्वच्छ रहेगा तो हम सब भी स्वस्थ्य रहते हुए देश की प्रगति में सहायक सिद्ध होंगे। डॉ. जोशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जहां हरियाली है वहां खुशहाली है। श्री मिर्झा ने कहा कि पौधारोपण करना प्रकृति की सच्ची सेवा करना है। इसी में समस्त जीवों का कल्याण निहित है। इस मौके पर श्री बंसल अनुविभागीय अधिकारी मोहला, एफ.आर. सलामे खण्ड शिक्षाधिकारी मोहला, एन.के. खाण्डे तहसीलदार मोहला, अविनाश ठाकुर नायब तहसीलदार मोहला, संजय उके इंजीनियर मोहला, बी.एल. चौरका राजस्व निरीक्षक मोहला, इमरान अहमद पटवारी मोहला ने भी उत्साह पूर्ण वातावरण में वृक्षारोपण किया। परिसर में फलदार, छायादार व फूलदार पौधे रोपे गए जिनमें आम, आंवला, अमरूद, अमलताश, नीम, नींबू, गुलमोहर, जामुन आदि शामिल हैं। इस अवसर पर ए.के. रामटेके, आई.के. देशमुख, जी.एल. गवर्ना, जे.एल. निषाद, तोरणलाल सहित महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

Scanned with Oken Scanner



Scanned with Oken Scanner



Scanned with Oken Scanner



Scanned with Oken Scanner



Scanned with Oken Scanner